# रेटिंग एजेंसियों ने वेदांता को दी क्लीन चिट, वित्तीय हालत बेहद सुदृढ़

■ भारत की प्रमुख क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल और आईसीआरए ने फिर से वेदांता की क्रेडिट रेटिंग को पुष्टि कर कायम रखा

**भीलवाड़ा।** भारत की प्रमुख क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों, क्रिसिल रेटिंग्स और आईसीआरए ने वेदांता लिमिटेड की क्रेडिट रेटिंग्स को फिर से पुष्ट कर कायम रखा है। यह कंपनी की समठा व्यावसायिक सस्टेनेबिलिटी, स्वस्थ वित्तीय प्रदर्शन और कॉर्पोरेट गवर्नेंस के प्रति दृढ़ता में निरंतर विश्वास को दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि क्रिसिल की रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रबंधन और चुनिंदा ऋणदाताओं से मिली जानकारी के आधार पर, रेटिंग एजेंसी समझती है कि वर्तमान में किसी भी ऋणदाता या निवेशक से कोई प्रतिकूल प्रतिक्रिया नहीं आई है। रेटिंग एजेंसी ने हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड के लिए क्रिसिल एएए और वेदांता के लिए एए की अपनी दीर्घकालिक रेटिंग की फिर से पुष्टि की। आईसीआरए ने अपनी दीर्घकालिक रेटिंग एए को फिर से पुष्ट किया है। इन एजेंसियों का यह दृढ़ कथन शॉर्ट-सेलर वायसरॉय के आरोपों का एक मजबूत खंडन है। वायसरॉय ने वेदांता लिमिटेड की मूल कंपनी, वेदांता रिसोर्सेज पर संरचनात्मक अधीनता और ऋण चुकाने के लिए लाभांश पर निर्भरता का आरोप लगाया था। क्रिसिल की रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद से वेदांता लिमिटेड और हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड दोनों के शेयर की कीमतें पहले ही ठीक हो चुकी हैं। क्रिसिल रेटिंग्स ने 9 जुलाई, 2025 को प्रकाशित वेदांता समूह पर शॉर्ट-सेलर रिपोर्ट और उसके बाद वेदांता लिमिटेड तथा हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड के शेयर मूल्यों में हुई इंट्राडे अस्थिरता पर ध्यान दिया है। इसके जवाब में, वेदांता प्रबंधन ने 9 जुलाई, 2025 की अपनी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सभी आरोपों को खारिज कर दिया है। क्रिसिल ने नोट किया है कि रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद से वेदांता लिमिटेड (वीईडीएल) और हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) के शेयर मूल्यों में सुधार हुआ है। क्रिसिल के पास वेदांता समूह की 11 संस्थाओं, जिनमें हिंदुस्तान जिंक, ईएसएल स्टील लिमिटेड, तलवंडी साबो पावर लिमिटेड और सेसा रिसोर्सेज लिमिटेड शामिल हैं, की रेटिंग बकाया है और सभी के लिए रेटिंग की फिर से पुष्टि की गई है। क्रिसिल अपनी सभी बकाया रेटिंग्स को निरंतर निगरानी में रखता है। नोट में कहा गया है कि वेदांता और उसकी सहायक कंपनियों की रेटिंग उनके भारतीय परिचालनों के व्यावसायिक जोखिम प्रोफाइल की ताकत और स्वस्थ वित्तीय प्रदर्शन द्वारा समर्थित बनी हुई है।इसी तरह, आईसीआरए ने समूह की ऋण को लगातार कम करने की प्रतिबद्धता से संतुष्टि व्यक्त की है। वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड (वीआरएल) के ऋण सहित शुद्ध ऋण ध् ओपीबीडीआईटीए, वित्त वर्ष 2024 में रिपोर्ट किए गए 3.2 गुना के मुकाबले वित्त वर्ष 2025 में 2.5 गुना तक सुधर गया।

विशेष रूप से एल्युमीनियम और जिंक परिचालन में अच्छी लाभप्रदता से समूह के उत्तोलन प्रोफाइल को और मजबूती मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा, आईसीआरए वेदांता लिमिटेड (वीडीएल) के समायोजित उत्तोलन और कवरेज मेट्रिक्स की गणना करने के लिए वीआरएल के कुल ऋण और वित्तीय खर्चों पर विचार करता है। क्रेडिट रेटिंग पद्धित के अनुसार, एएए रेटिंग का अर्थ है कि इस रेटिंग वाले उपकरण वित्तीय दायित्वों के समय पर भुगतान के संबंध में उच्चतम स्तर की सुरक्षा रखते हैं। ऐसे उपकरणों में सबसे कम क्रेडिट जोखिम होता है। इसी तरह, एए रेटिंग का अर्थ है कि इस रेटिंग वाले उपकरण वित्तीय दायित्वों के समय पर भुगतान के संबंध में उच्च स्तर की सुरक्षा रखते हैं। ऐसे उपकरणों में बहुत कम क्रेडिट जोखिम होता है। इसलिए, वेदांता के अस्थिर ऋण और वित्तीय नाजुकता के संबंध में रिपोर्ट में लगाए गए आरोप पूरी तरह से निराधार हैं और उनका कोई विश्वसनीय आधार नहीं है। यह देखते हुए कि वेदांता के उपकरणों में उच्चतम एएए और बहुत उच्च एए क्रेडिट रेटिंग हैं, यह स्पष्ट रूप से उनकी मजबूत वित्तीय स्थिति और अपने दायित्वों को समय पर पूरा करने की असाधारण क्षमता को दर्शाता है। ऐसी रेटिंग्स सबसे कम क्रेडिट जोखिम को स्पष्ट रूप से दर्शाती हैं, जो भेद्यता या अस्थिरता के किसी भी दावे का दृढ़ता से खंडन करती हैं। वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड के स्तर पर, ऋण के हालिया पुनर्वित्त ने लंबी अवधि में परिपक्वता प्रोफाइल को सुगम बनाया है और वित्त वर्ष 2026 के बाद वित्त लागत को कम करने की संभावना है।

## हरा भरा बनाने का अभियान अनुकरणीय : पाठक

**भीलवाड़ा।** संगम उद्योग समूह द्वारा एक लाख पौधे एवं पांच हजार ट्री गार्ड वितरण अभियान के चौथे दिन सोनी हॉस्पिटल परिसर में मुख्य अतिथि के रूप में आमजन को पौधे एवं ट्री गार्ड वितरित करते हुए नगर निगम महापौर राकेश पाठक ने कहा कि संगम समूह का भीलवाड़ा को हरा भरा बनाने का अभियान अनुकरणीय है। उन्होंने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि पौधारोपण हम सबकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। आने वाली पीढ़ियों के स्वस्थ जीवन के लिए पेड़ बनने तक उनकी सुरक्षा आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से प्रतिवर्ष कम से कम एक पौधा लगाकर उनकी पेड़ बनने तक सुरक्षा करने की अपील की। संगम समूह के वाइस चेयरमैन एस एन मोदानी ने कहा कि केवल पौधा लगाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी देखभाल, सुरक्षा और नियमित निरीक्षण भी उतना ही आवश्यक है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए यह अभियान प्रारंभ किया गया है ताकि लगाए गए प्रत्येक पौधे के साथ ट्री गार्ड लगाकर उसे सुरक्षित और संरक्षित रखा जा सके। पौधा वितरण प्रभारी बाबूलाल जाजू ने बताया कि आज 440 ट्री गार्ड एवं 7850 पौधों का वितरण आमजनों को एवं सार्वजनिक स्थलों व विद्यालय के लिए किया गया।

## राजस्थान राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ, अजमेर के जिला अध्यक्ष का चुनाव बना ऐतिहासिक मिसाल

■ अजमेर जिले में राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियों के प्रथम बार लोकतांत्रिक प्रक्रिया से आयोजित मतदान के कारण सभी मतदाताओं में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के लोकतांत्रिक पद्धति से शनिवार को अजमेर जिलाध्यक्ष के चुनाव सम्पन्न हुए। उक्त चुनाव में संघ की ओर से अजय गुर्जर चुनाव पर्यवेक्षक, निर्वाचन अधिकारी कौशल कुमार, भोजराज एवं अनिल लालवानी द्वारा निर्वाचन सम्पादित करवाया गया। अजमेर जिले में राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियों के प्रथम बार लोकतांत्रिक प्रक्रिया से आयोजित मतदान के कारण सभी मतदाताओं में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला।

चुनाव में कुल 227 मतदाता में से 197 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसमें से 85 वोट प्राप्त कर राजेश चैधरी, अति. प्रशासनिक अधिकारी, कलेक्ट्रेट, अजमेर को जिलाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित घोषित किया गया। इसके बाद 42 वोट प्राप्त कर राजेश शर्मा दूसरे स्थान पर, 41 वोट प्राप्त कर धर्मेन्द्र सिहं हाड़ा तीसरे स्थान पर तथा 29 वोट प्राप्त कर घनश्याम नेपालपुरी चैथे स्थान पर रहे। चुनाव में अजमेर में खराब मौसम के बावजूद 86.78 प्रतिशत मतदान किया जाकर सम्पूर्ण राजस्थान में एक ऐतिहासिक मिसाल कायम की गई। सम्पूर्ण चुनाव में चारों उम्मीदवार एवं समस्त मतदाताओं द्वारा आपसी समन्वय एवं भाईचारे की भावना प्रदर्शित की गई।

राजेश चैधरी को निर्वाचित होने पर प्रदेशाध्यक्ष शम्भूसिहं राठौड़, राजस्व मण्डल कर्मचारी संघ के अध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक अजय गुर्जर, जिले के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अतुल भार्गव, प्रदेश कोषाध्यक्ष सतीश सैनी एवं अन्य सभी साथियों द्वारा माल्यापर्ण कर स्वागत किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कर्मचारी हित में सदैव तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया गया। राजेश चैधरी के निर्वाचित होने पर सम्पूर्ण अजमेर जिले के राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियों ने ढोल-नगाड़ों एवं पटाखे चलाने के साथ विजयी जुलूस निकाला।

## सैन समाज की बैठक आयोजित

**अरांई,** (निसं)। सैन समाज बयालिसा अरांई की बैठक अमरचन्द सैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सामाजिक संगठन को मजबूती प्रदान करने सहित कई विषयों पर चर्चा कर विभिन्न प्रस्ताव लिए गए। अमरचन्द सैन ने बताया कि सैन छात्रावास स्थित शिवालय में सहस्त्र जलधारा कार्यक्रम का आयोजन 29 जुलाई मंगलवार को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समाज के लोगों ने सर्वसम्मिति से सामूहिक विवाह सम्मेलन करवाने का निर्णय लिया गया। अमरचन्द सैन ने बताया कि विवाह सम्मेलन के लिए समाज के लोगों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में सैन समाज बयालिसा समिति की कार्यकारिणी का भी विस्तार किया गया। इस अवसर पर कैलाश सैन गोठियाना, दिलीप सैन, अनिल सैन, भवानी शंकर सैन, अरूण सैन, परमानन्द सैन, गोपाल सैन, बृजमोहन सैन सहित सैन समाज के लोग मौजूद रहे।

## 5 क्विंटल पुष्प व 40 क्विंटल मोयतली सहित कई प्रसिद्ध चीजों का चढेगा प्रसाद

■ मीरा महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर समिति के पदाधिकारियों द्वारा जनसंपर्क करके अधिकारियों,जनप्रतिनिधियों, भामाशाहों ओर आमजन से मुलाकात करके मीरा महोत्सव में सक्रिय सहयोग हेतु निवेदन किया जा रहा है

**मेड़ता सिटी।** आगामी 30 जुलाई से शुरू होने वाले मीरा जयंती महोत्सव को लेकर मीरा महोत्सव समिति द्वारा तैयारियां चल रही है। मीरा महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर समिति के पदाधिकारियों द्वारा जनसंपर्क करके अधिकारियों ,जनप्रतिनिधियों , भामाशाहों ओर आमजन से मुलाकात करके मीरा महोत्सव में सक्रिय सहयोग हेतु निवेदन किया जा रहा है सचिव रवि प्रकाश कमेडिया ने बताया कि इसी क्रम में मीरा महोत्सव समिति अध्यक्ष जितेंद्र गहलोत के नेतृत्व में सचिव रवि प्रकाश कमेडिया सहित समिति के पदाधिकारियो ने नागौर पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस, मेड़ता पुलिस उप अधीक्षक रामकरण सिंह मलिंडा व मेड़ता थानाधिकारी धर्मेश दायमा से मुलाकात की। मीरा महोत्सव के सफल आयोजन हेतु व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। अध्यक्ष जितेंद्र गहलोत ने बताया कि पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस ने आश्वाशन दिया कि महोत्सव के दौरान पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग रहेगा। महोत्सव समिति के साथ मिलकर मीरा महोत्सव को भव्य बनाने का पूरा प्रयास रहेगा।पुलिस की विशेष टीम लगाई जाएगी ता कि महोत्सव को निर्बाध रूप से आयोजन हो सके। महोत्सव में शांति व्यवस्था बनी रहे इस हेतु विशेष जाप्ता तैनात किया जाएगा।

मीडिया प्रभारी सुनील पुरी ने बताया कि मीरा महोत्सव हर वर्ष भव्यता के साथ आयोजन किया जाता है महोत्सव मेड़ता शहर सहित आस पास गांवों के साथ दूर दराज के नागरिक दर्शन करने आए है। इस बार भी ठाकुर जी सहित मंदिर को फूल मालाओं से सजाया जाएगा ,शोभा यात्रा पर करीब 5 क्विटल पुष्प बरसाए जायेगे। करीब 40 क्विंटल मेड़ता की प्रसिद्ध मोइत्तिली व केसर दूध मावे के पेड़े का भोग लगाया जाएगा फिर भक्तों को वितरित किया जाएगा।इस दौरान मीरा महोत्सव समिति अध्यक्ष जितेंद्र गहलोत, सचिव रवि प्रकाश कमेडिया, कैलाश गौड,सुनील चौधरी, लाखा राम मेहला, ऋषि राज,रविन्द्र गहलोत भाटी आदि मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात

■ 5 क्विंटल पुष्प व 40 क्विंटल मोयतली सहित कई प्रसिद्ध चीजों का चढ़ेगा प्रसाद

**मेड़ता सिटी,** (निसं)। आगामी 30 जुलाई से शुरू होने वाले मीरा जयंती महोत्सव को लेकर मीरा महोत्सव समिति द्वारा तैयारियां चल रही है। मीरा महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर समिति के पदाधिकारियों द्वारा जनसंपर्क करके अधिकारियों,जनप्रतिनिधियों, भामाशाहों ओर आमजन से मुलाकात करके मीरा महोत्सव में सक्रिय सहयोग हेतु निवेदन किया जा रहा है ।

सचिव रवि प्रकाश कमेडिया ने बताया कि इसी क्रम में मीरा महोत्सव समिति अध्यक्ष जितेंद्र गहलोत के नेतृत्व में सचिव रवि प्रकाश कमेडिया सहित समिति के पदाधिकारियो ने नागौर पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस, मेड़ता पुलिस उप अधीक्षक रामकरण सिंह मलिंडा व मेड़ता थानाधिकारी धर्मेश दायमा से मुलाकात की। मीरा महोत्सव के सफल आयोजन हेतु व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। अध्यक्ष जितेंद्र गहलोत ने बताया कि पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस ने आश्वाशन दिया कि महोत्सव के दौरान पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग रहेगा। महोत्सव समिति के साथ मिलकर मीरा महोत्सव को भव्य बनाने का पूरा प्रयास रहेगा।पुलिस की विशेष टीम लगाई जाएगी ता कि महोत्सव को निर्बाध रूप से आयोजन हो सके। महोत्सव में शांति व्यवस्था बनी रहे इस हेतु विशेष जाप्ता तैनात किया जाएगा। मीडिया प्रभारी सुनील पुरी ने बताया कि मीरा महोत्सव हर वर्ष भव्यता के साथ आयोजन किया जाता है महोत्सव मेड़ता शहर सहित आस पास गांवों के साथ दूर दराज के नागरिक दर्शन करने आए है। इस बार भी ठाकुर जी सहित मंदिर को फूल मालाओं से सजाया जाएगा ,शोभा यात्रा पर करीब 5 क्विटल पुष्प बरसाए जायेगे।

करीब 40 क्विंटल मेड़ता की प्रसिद्ध मोइत्तिली व केसर दूध मावे के पेड़े का भोग लगाया जाएगा फिर भक्तों को वितरित किया जाएगा।इस दौरान मीरा महोत्सव समिति अध्यक्ष जितेंद्र गहलोत,सचिव रवि प्रकाश कमेडिया,कैलाश गौड,सुनील चौधरी, लाखा राम मेहला, ऋषि राज,रविन्द्र गहलोत भाटी आदि मौजूद रहे।

## "स्वच्छता पखवाड़ा" का आयोजन

**भीलवाड़ा।** भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने आज महाराणा कुंभा ट्रस्ट द्वारा संचालित कुंभा विद्या निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय, भीलवाड़ा में "स्वच्छता पखवाड़ा" के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य छात्रों और समुदाय के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में लगभग 50 छात्रों ने स्वच्छता पर आधारित ड्राइंग बनाकर अपनी रचनात्मकता और जागरूकता का प्रदर्शन किया। बीपीसीएल के फ्लीट सेल्स अधिकारी, गौरव द्विवेदी और सीआरई, पुनीत शर्मा ने पांच उत्कृष्ट छात्रों को उनके प्रयासों के लिए पुरस्कृत किया।

विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के अतिरिक्त, बीपीसीएल टीम ने ट्रांसपोर्ट नगर में ट्रांसपोर्टरों को स्वच्छता की शपथ दिलाई, जिससे व्यापक समुदाय में स्वच्छता का संदेश पहुँचाया जा सके। विद्यालय के प्रधानाचार्य, बृजराज कुलश्रेष्ठ ने छात्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए बीपीसीएल के प्रयासों की सराहना की और उन्हें धन्यवाद दिया।

## शिव मन्दिर पर श्री रामचरित्र मानस का अखण्ड पारायण का आज

■ आज प्रातः हवन पूजन के साथ शुरू होगा पारायण पाठ की पूर्णाहुति सोमवार को होगी

**मसूदा,** (निसं)। मसूदा उपखंड क्षेत्र के भेरूखेड़ा (मोयणा) शिव मन्दिर पर भगवान गुरू देव जी की अन्नत दया से श्री रामचरित्र मानस का अखण्ड पारायण का रविवार प्रातः हवन पूजन के साथ शुरू होगा। उल्लेखनीय है कि श्री रतन लालजी (भगतजी) के नेतृत्व में मोयना भेरू खेड़ा रतनगढ़ भक्त मंडली के भक्तों के द्वारा भेरू खेड़ा शिव मंदिर पर प्रतिवर्ष श्री रामचरितमानस का वर्षों से अनवरत पारायण किया जा रहा है। ध्यातव्य है कि वर्षों से चल रहे श्री रामचरितमानस पाठ के पारायण के क्रम में एक वर्ष इसी भेरू खेड़ा के शिव मंदिर में सहस्त्र कमल से किया गया अभिषेक उल्लेखनीय आयोजन रहा है। मोयणा, भैरूखेड़ा, रतनगढ़ भक्त मण्डली एवं

रतन लालजी (भगतजी), मदनसिंह, शंकरसिंह, श्रवणसिंह, गणेशसिंह के अनुसार भैरूखेड़ा (मोयणा) में शिव मन्दिर पर परम: पाद प्रातः स्मरणीय परम् हसं योगीराज श्री श्री 1008 गोस्वामी श्री कल्याण भारतीजी महाराज के शिष्य श्री श्रीधर जी महाराज की अन्नत दया से श्री रामचरित्र मानस का अखण्ड पारायण का आयोजन आज प्रातः 9, 15 बजे से हवन पूजन के साथ शुभारंभ होगा। निर्धारित कार्य क्रम के अनुसार प्रातः 9:15 बजे पूजन व हवन के पश्चात प्रातः 10 बजे श्री रामचरित्र मानस का अखण्ड पारायण का शुभारंभ होगा। इस अवसर पर पूज्य गुरुदेव श्री श्रीधर जी महाराज के उत्तराधिकारी श्री करमचंद जी भारती व सांवत्सर किशनगढ़ स्थित श्री कल्याण मठ के मुख्य पीठाधीश्वर श्री चंद्र भारती जी महाराज एवं मोयणा भेरू खेड़ा रतनगढ़ भक्त मंडली के भक्तजन मौजूद रहेंगे। पाठ की पूर्णाहुति कल सोमवार को सांय 7:15 बजे आरती स्तुति के साथ होगी। रात्रि 9:15 बजे से सत्संग का आयोजन होगा।

## अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

**मसूदा,** (निसं)। जिला कलेक्टर के निर्देश पर मसूदा उपखंड अधिकारी शेखावत ने शनिवार को हाल ही में हुई भारी बारिश के बाद उपखंड क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शक्ति सागर तालाब खरवा और अन्य जलाशयों में पानी की आवक और उनकी भराव क्षमता का निरीक्षण किया।

## ब्राह्मण समाज प्रतिभा सम्मान समारोह आज,

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निस)। राजस्थान ब्राह्मण महासभा किशनगढ़ की और से 20 जुलाई को हारित भवन में दोपहर एक बजे प्रतिभावान छात्र छात्रा सम्मान समारोह सहित सामुहिक संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। महामंत्री बालमुकुंद शर्मा ने बताया की समारोह में शिक्षा, खेलकूद में अव्वल प्रतिभावान बच्चो के अलावा वृद्धजनो को सम्मानित किया जायेगा। संरक्षक चंद्रशेखर शर्मा के अनुसार काचरिया पीठाधिश्वर डॉ जयकृष्ण देवाचार्य के सानिध्य में आयोज्य समारोह में प्रदेश संरक्षक एस डी शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष राधेश्याम जैमिनी, रामलला अयोध्या सेवा समिति अध्यक्ष डॉ राजानंद शास्त्री, जिलाध्यक्ष राकेश टण्डन अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

## सार-समाचार

### न्याय के मंदिर में जलजमाव, कोर्ट परिसर बना तालाब

**नसीराबाद,** (निसं)। राजस्थान में जारी मूसलधार बारिश ने आम जनजीवन के साथ-साथ न्यायिक प्रक्रिया को भी प्रभावित कर दिया है। नसीराबाद स्थित न्यायालय परिसर में शनिवार को जलभराव की गंभीर स्थिति देखने को मिली, जिससे न्यायिक कार्यों में भारी अवरोध उत्पन्न हुआ। कोर्ट में उपस्थित वकीलों, पक्षकारों को जलमग्न परिसर से होकर गुजरना पड़ा, जिससे उनके जूते, दस्तावेज़ और कपड़े तक भीग गए। शुक्रवार रात से लगातार हो रही बारिश का असर अब सरकारी व्यवस्था पर साफ नजर आने लगा है। प्रभावित पक्षकारों ने बताया कि वे न्याय की उम्मीद लेकर कोर्ट आए थे, लेकिन वहां पहुंचने के बाद उन्हें जलसंकट से जूझना पड़ा। मौसम विभाग ने शनिवार को भी भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया है, जिससे हालात और अधिक बिगड़ने की आशंका है। स्थानीय प्रशासन व न्यायालय प्रशासन से कोर्ट परिसर में जलनिकासी के स्थायी समाधान की मांग उठने लगी है। अगर समय रहते व्यवस्था नहीं सुधरी, तो न्याय व्यवस्था पर इसका सीधा असर पड़ सकता है।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर बैठक सम्पन्न हुई

**आसींद,** (निसं)। अखिल भारतीय विधार्थी परिषद की आसींद नगर इकाई की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक मे जिला संयोजक भावेश छिपा एवं भाग संयोजक राहुल साहू ने नगर इकाई की घोषणा करते हुये नगर अध्यक्ष प्रभु गुर्जर, नगर मंत्री कुलदीप कुमावत,नगर सहमंत्री हस्तीमल गुर्जर, दीपक कुमार सोनी, पायल सिंह चारण, सोशल मीडिया संयोजक आयुष शर्मा,एइइ संयोजक संजय प्रजापत एइ‍ऊ संयोजक गोविंद वैष्णव खेल संयोजक प्रमुख के नाम की घोषणा की। इस दौरानभाग प्रमुख राहुल साहू व कार्यकारिणी सदस्य नीलेश मौजूद रहे।

### वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन

**पाटन** (निसं)। राजस्थान ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय नीमकाथाना द्वारा हरित राजस्थान अभियान के अंतर्गत ग्राम गुहाला स्थित टंकी वाले बालाजी परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक मोहनलाल कुलदीप की अध्यक्षता में 11 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में शाखा गुहाला के शाखा प्रबंधक संतोष कुमार सर्राफ, ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी सुभाष पालीवाल, वित्तीय साक्षरता सलाहकार किशनलाल सामरिया, सरपंच प्रतिनिधि बाबूलाल चौहान सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहनलाल कुलदीप ने कहा कि हरित पर्यावरण, स्वस्थ जीवन का आधार है। पौधा रोपण केवल एक दायित्व नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक संकल्प है। राजस्थान ग्रामीण बैंक भविष्य में भी ऐसे प्रयासों को प्राथमिकता देता रहेगा।इसी क्रम में वित्तीय सेवाएं विभाग, भारत सरकार के निर्देशानुसार चल रहे सैचुरेशन कैंप के तहत ग्राम पंचायत गुहाला में एक वित्तीय साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 175 ग्रामवासियों को बैंकिंग सेवाओं, सरकारी योजनाओं एवं वित्तीय प्रबंधन की जानकारी दी गई।शिविर के दौरान प्राप्त उपलब्धियाँ इस प्रकार रहीं जिसमें 41 नए जनधन खाते खोले गए,42 प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में नामांकन,14 प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना नामांकन,2 अटल पेंशन योजना में नामांकन,21 जनधन खातों में पुनः केवाईसी,25 नई आवर्ती जमा खाता खोलने की प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत ग्राम गुहाला के निवासी दिवंगत प्रहलाद सैनी की नामित पत्नी मीरा देवी को दो लाख रुपए की बीमा राशि का चेक भी प्रदान किया गया, जिससे ग्रामीणों में सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रति विश्वास और उत्साह और अधिक बढ़ा।

### न्यायिक कर्मचारी अनिश्चितकालीन अवकाश पर

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र नारायण जोशी के आव्हान पर झुंझुनूं जिले के समस्त न्यायिक कर्मचारीगण अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर हैं। जिला प्रवक्ता सुभाष मूंड ने बताया कि अधीनस्थ न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में पद स्थापित सामान्य संवर्ग और आशुलिपिक संवर्ग का कैडर पुनर्गठन राज्य सरकार की अधिसूचना के परिपेक्ष में किया जाना है। उक्त अधिसूचना का प्रस्ताव राजस्थान उच्च न्यायालय में बनाकर उच्च न्यायालय जोधपुर की फुल बैंच से पास करवाकर संबंधित जिला न्यायालय लिपिक वर्गीय संस्थापक नियम 1986 में भी संशोधन करवाकर राज्य सरकार को भेजा जा चुका है। परंतु आज दो वर्ष पश्चात भी राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में कोई आदेश पारित नहीं किया गया है। सरकार राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर की पूर्ण पीठ से पारित आदेश की पालना सुनिश्चित नहीं कर रही है। जो संवैधानिक संस्था के आदेशों की अवहेलना है। इसलिए समस्त अधीनस्थ न्यायालयों के कर्मचारियों द्वारा संघ के प्रदेशाध्यक्ष के आ ान पर कर्मचारियों के कैडर पुनर्गठन के आदेश राज्य सरकार से प्राप्त होने तक अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर बैठने का निर्णय लिया गया है एवं सभी प्रकार के न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किया जा रहा है।

### पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय नरोदडा मे ग्रामीणों के सहयोग से एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। विभाग के ब्लॉक पौधारोपण प्रभारी सुरेश कुमार भास्कर एवं ब्लॉक समन्वयक रणवीर सिंह गढवाल ने अभियान में सहभागी बनकर विधार्थियों को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य दीपा कुमारी, व्याख्याता कविता चौधरी, वरिष्ठ अध्यापक संजय कुमार जोशी, रजनीश कुमार शर्मा, मुकेश कुमार चाहर,चंदा, अनीता जाट, सुनीता आर्य, परवीन खान,परमेश्वरी देवी विकास कुमार मिश्रा, मोहित बारेठ, त्रिलोक चंद,स्कूली छात्राएं मौजूद थे। आयोजित कार्यक्रम भागीरथ ख्यालिया ठेकेदार व प्रमोद बिरडा के सहयोग से 400 पौधे लगाए गए उनमें से 250 पेड़ छायादार 50 पेड़ फलदार एवं 100 फूलदार पेड़ थे।

### अलंकरण समारोह का आयोजन

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजपूताना शिक्षा मंडल द्वारा संचालित शाह मार्केट स्थित श्री जीबी मोदी पब्लिक विद्यालय में विद्यार्थी अलंकरण समारोह का आयोजन रिटायर्ड सीताराम धींवा के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन व मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। इस समारोह में विद्यालय के नवनियुक्त कप्तान, प्रीफेक्ट, हैड बॉय और हैड गर्ल के रूप में विद्यार्थी परिषद को पद और जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर छात्र नेताओं को बैज और सैश पहनाए गए और कत्तर्व्य पालन करने की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि द्वारा अपने भाषण में आभार प्रकट करते हुए सभी नवनियुक्त छात्र-छात्राओं को कर्तव्य पालन के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में संस्था प्रधानाचार्या रंजना मित्तल ने सभी अध्यापक और अध्यापिकों को अपने कार्य के प्रति जिम्मेदारी व कर्तव्य के प्रति वफादारी की शपथ दिलाई।

## संसद सदस्य बेनीवाल ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में की शिरकत

■ डीडवाना : सांसद हनुमान बेनीवाल रहे डीडवाना दौरे पर

■ बेनीवाल ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी प्रयास के दिए निर्देश

**डीडवाना,** नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल शनिवार को डीडवाना के दौरे पर रहे। यहां उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में संसद सदस्य सड़क सुरक्षा की बैठक में शिरकत की। इस दौरान बेनीवाल ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, ब्लैक स्पॉट को चिह्नित करने तथा जिले में सड़क सुरक्षा के प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए।

बेनीवाल ने सड़क पर घूमने वाले लावारिस पशुओं का प्रबंधन करने, पशुओं के गले में व सींगो पर रेडियम टेग लगाने के साथ ही स्कूलों की बाल वाहिनियों व भारी वाहनों की जांच करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जिले के टोल नाकों पर एंबुलेंस की व्यवस्था सुचारु रखने, सड़कों की डिजाइन में तकनीकी सुधार करने, जिले में ट्रैफ़िक पार्क के लिए प्रस्ताव तैयार करने तथा लिचाणा से केरपुरा, बेसरोली से गेहड़ाकलां तथा बलुन्दा से सिरसाला सड़कों की जांच कराने के निर्देश दिए।

इस बैठक में जिले में सड़क सुरक्षा क्रिया-कलापों और सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों की निगरानी, सड़क दुर्घटना के कारणों को पहचानने और उसका अध्ययन करने, जिले में ब्लैक स्पॉटों की पहचान और सुधार से संबंधित कार्य कराने सहित निगरानी और समाधान, आपातकालीन देखभाल और गति सीमा और यातायात को सुचारू बनाने के उपायों पर चर्चा की गई।

हनुमान बेनीवाल ने जिले में सड़क सुरक्षा अभियान को बढ़ावा देने, सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम चलाने तथा सड़क दुर्घटनाओ में कमी लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा सड़क सुरक्षा की कार्य योजना तैयार कर उसका क्रियान्वयन करने, गति सीमा और यातायात को सुचारु बनाये रखने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में 5 दिव्यांगजनों को हेलमेट भी वितरित किये गए।

बैठक में जिला कलक्टर डॉ. महेंद्र खड़गावत ने बताया कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और ब्लैक स्पॉट की पहचान के लिए एक समिति गठित की गई है। इस बैठक में मकराना विधायक जाकिर हुसैन गैसावत, जिला प्रमुख भागीरथ चौधरी, पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद, अतिरिक्त जिला कलेक्टर महेंद्र मीणा सहित सभी उपखंड अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## एनआईएस वॉलीबॉल कोच अमित गुर्जर का आसींद में भव्य स्वागत

**आसींद,** (निसं)। वॉलीबॉल के राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस) से प्रशिक्षण पूर्ण कर लौटे युवा कोच अमित गुर्जर का आज आसींद कस्बे में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विजय क्लब आसींद द्वारा एक विशाल स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कस्बेवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अमित गुर्जर का अभिनंदन किया।

अमित गुर्जर के आगमन पर कस्बे में एक भव्य जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। यह जुलूस आसींद की खेल प्रेमी जनता के उत्साह को दर्शाता है। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामलाल गुर्जर (जो संभवतः अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी हगामी लाल मेवाड़ा भी हैं, जैसा कि संदर्भ से प्रतीत होता है) ने समारोह में उपस्थित मातृशक्ति का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने विजय क्लब मैदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी, जो निश्चित रूप से स्थानीय खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र है। कोच अमित गुर्जर ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया। इस कार्यक्रम में सत्यनारायण टेलर, कैलाश चंद्र शर्मा और मुरलीधर शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिन्होंने अमित गुर्जर को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी और आसींद में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने में अपना समर्थन व्यक्त किया।

## स्वर्ण जयंती पर समारोह आयोजित

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान महिला कल्याण मंडल की 50वीं स्वर्ण जयंती के अवसर पर झुंझुनूं में भव्य समारोह आयोजित हुआ। जिला प्रभारी चेतना शर्मा के नेतृत्व में सत्यम शिवम सुंदरम एनजीओ की प्रमुख अनिता जी, चाइल्डलाइन समन्वयक अरविंद, मनोज और अन्य महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

### आम सूचना

मेरी पत्नि नोसर पत्नि सूरजकरण जाति जाट निवासी ग्राम सिरोंज की मृत्यु दिनांक 20.05.2003 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम सिरोंज में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत सिरोंज में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी पत्नि नोसर जाट का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बावत जिस किसी व्यक्ति को आपति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति स्वीकार नहीं होगी। -प्रार्थी- सूरजकरण पुत्र पोलूराम जाट, निवासी ग्राम सिरोंज, तह.अरांई,अजमेर

### कार्यालय नगर निगम अजमेर

क्रमांक: न.नि.अ./भवन/25-26/176 **आपत्ति सूचना** दिनांक: 18/7/2024

श्री शहाबुद्दीन पुत्र स्व. श्री नूर मोहम्मद निवासी 368/6 लंगर खाना गली अजमेर द्वारा एक भूखण्ड ए.एम.सी. नं. 9/781 पुराना 4/443 5/274 अंकित है, जो वाके सिलावट मोहल्ला अजमेर में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 89.04 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं । प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानुसार हैं ।

पूर्व : सम्पति शामुमल ए. एम.सी. नं. 5/270 पश्चिम : सम्पति ए.एम.सी. नं. 5/272

उत्तर : सम्पति ए.एम.सी. नं. 5/269 दक्षिण : गली

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति / संस्था को इस संबंध में कोई आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जायेगा ।

उपायुक्त, नगर निगम, अजमेर